बरेली, गुरुवार
28 सितंबर 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

PAGE NO. : 9 TOP MIDDLE

स्पर्श रिजार्ट में डांडिया रास में झूमने को हो जाइए अब तैयार

जागरण का डांडिया रास आज

जागरण संवाददाता, बरेली : मन को आध्यात्मिक और सकारात्मक तरंगों से प्रफुल्लित करने वाले डांडिया रास का इंतजार खत्म हुआ। गुरुवार शाम को रात आठ बजे पीलीभीत बाईपास पर स्थित स्पर्श रिजार्ट में खूब धमाल होगा। जागरण की ओर से आयोजित होने वाले इस डांडिया रास में झूमने के लिए आप भी तैयार हो जाइए। शहर के लोगों को आनंद के ऐसे पल देने के लिए दैनिक जागरण पिछले कई वर्षों से डांडिया रास का आयोजन कर रहा है। बरेली संस्करण के गौरवशाली 28 वर्ष पूरे होने पर इस बार डांडिया का आयोजन नए कलेवर में होगा। कार्यक्रम में एंकर गजल के साथ रिदिम डांस ट्रूप चार चांद लगाएंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ सह प्रायोजक एसआरएमएस इंस्टीट्यूट, मारिया डे, इंवर्टिस यूनिवर्सिटी और कॉमर्शियल टोयोटा बरेली हैं। अन्य सहयोगियों में क्रिएथिवस पब्लिक स्कूल, आउटडोर पार्टनर जागरण इमेज और रेडियो पार्टनर 91.9 एफएम रेडियो सिटी हैं।

एंकर गजल •

पुरस्कार जीतने का मौका

दैनिक जागरण के डांडिया रास को लेकर शहर में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, क्योंकि इसमें पुरस्कार जीतने का मौका भी मिलेगा। कार्यक्रम में बेस्ट कपल, बेस्ट हेयर, बेस्ट फैमिली, बेस्ट एटायर, बेस्ट डांसर चुने जाएंगे। इसे लेकर शहर के लोगों में खासा उत्साह है। प्रतियोगिता जीतने के लिए प्रतिभागी लगातार कड़ी मेहनत कर रहे हैं।